महत्वपूर्ण एवं खास

कारखानों एवं स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक एवं कर्मचारियों को 17 नवम्बर मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित

रायगढ़। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को संपन्न कराने के लिए 17 नवम्बर 2023 को मतदान कराया जा रहा है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन अर्थात 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश एवं तेंलगाना राज्य के विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु क्रमश: मतदान तिथि 17 नवम्बर एवं 30 नवम्बर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/ कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतिनक अवकाश प्रदान किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा: ऑनलाईन आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 7 तक

रायगढ़। नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, जिला-रायगढ़ में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 10 फरवरी 2024 को रायगढ़ जिले के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 नवम्बर 2023 है। उक्त परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रपत्र को पूर्णत: भरकर एवं प्रधानाध्यापक से प्रमाणित कराने के पश्चात समिति की वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Index/Registration में ऑनलाईन आवेदन अपलोड कर सकते है। इसके लिए आवेदक को रायगढ़ जिले का निवासी होना चाहिए तथा जिले के मान्यता प्राप्त विद्यालय से सत्र 2023-24 में कक्षा 8 वीं एवं कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। (कक्षा 9 वीं प्रवेश हेतु 8 वीं अध्ययनरत एवं कक्षा 11 वीं हेतु कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत होना चाहिए)। कक्षा 9 वीं हेतु जन्म 01.06.2007 से 31.07.2009 (दोनो दिन शामिल) के मध्य होना चाहिए एवं कक्षा 11 वीं हेतु जन्म 01.05.2009 से 31.07.2011 (दोनो दिन शामिल) के मध्य होना चाहिए।

क्रेन की चपेट में आकर मजदूर की मौत

कोरबा-रायपुर (आरएनएस)। जिले में बांगो थानां के अंतर्गत ग्राम देवमठी में एक मजदूर की क्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक यहां रेलवे द्वारा बनाए जा रहे पुल में श्रमिक का काम करता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव में रेलवे पुल बनाने का काम चल रहा है। सभी मजदूर काम पर लगे हुए थे इसी दौरान क्रेन के चालक ने बिना आगे पीछे देखे क्रेन को बैक कर दिया। इससे मजदूर युवक झीनक राम की क्रेन से कुचलकर मौत हो गई। मृतक मूलत: उत्तरप्रदेश के सिद्धार्थ नगर स्थित बधेपुरवा गांव का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

चारों विधानसभाओं के 207 दिव्यांग एवं 80 प्लस मतदाताओं को मिलेगी घर पहुंच मतदान की सुविधा

❒ सामान्य प्रेक्षकों व व्यय प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्टर तथा रिटर्निंग ऑफिसर्स ने प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों की ली बैठक

❒ निर्वाचन व्यय एवं लेखा संधारण के संबंध में दी जानकारी

❒ परिवर्तित मतदान केन्द्रों की दी जानकारी, मतदाता सूची का किया वितरण

रायगढ़। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ.रूपांजलि कार्तिक, आईएएस सी.एन.लोंगफाई, आईएएस ससीम कुमार बरई व व्यय प्रेक्षक ओमप्रकाश व पी.सुगेन्द्रन ने संयुक्त रूप से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में निर्वाचन लडऩे वाले प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल भी बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव एवं अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोयल ने प्रत्याशियों एवं प्रतिनिधियों से कहा नाम वापसी पश्चात सभी विधानसभा के प्रत्याशी तय हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्याशी निर्धारित सीमा के अंदर राशि खर्च कर सकते हैं। जिसका सभी प्रत्याशी को निर्धारित प्रपत्र में व्यय संधारित करना होगा। इसके साथ ही 6 नवंबर, 10 एवं 15 नवंबर को व्यय लेखा प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। व्यय लेखा संधारण व प्रस्तुत करने प्रत्याशी पृथक व्यक्ति रख सकते हैं। कलेक्टर गोयल ने कहा कि व्यय लेखा निगरानी का उद्देश्य निर्वाचन में अनुचित धन के प्रयोग पर नियंत्रण करते हुए स्वतंत्र, पारदर्शी निष्पक्ष निर्वाचन करवाना हैं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों से आग्रह किया की आदर्श आचार संहिता का गंभीरता से पालन करते हुए एक बेहतर निर्वाचन में सहयोग करें।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी व्यय लेखा के संबंध में प्रत्याशियों को बारीकी से जानकारी प्रदान की। उन्होंने निर्वाचन में वैध व्यय के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टर, बैनर में मुद्रक के नाम एवं प्रति की संख्या अंकित तथा रैली व सभा, वाहन हेतु संबंधित विधानसभा आरओ से पूर्वानुमति लेनी होगी। उन्होंने बताया कि सभा, रैली में प्रत्याशियों के व्यय निगरानी हेतु वीएसटी द्वारा वीडियोग्राफी करायी जाएगी। जिसका अवलोकन कर व्यय का संधारण किया जाएगा। उन्होंने कहा की प्रत्याशी के व्यय एवं लेखांकन टीम के पास संधारित व्यय में अंतर पाये जाने पर आप अपील कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पेयजल, दरी, फैन, पंडाल जैसे विभिन्न सामग्रियों के साथ वाहन, नाचा दल, आदि के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दर का निर्धारण किया गया हैं। प्रत्याशियों के विज्ञापन व्यय निगरानी के लिए एमसीएमसी गठित की गई हैं।

रेण्डमाइजेशन और कमीशनिंग की दी जानकारी- उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि ईवीएम का दूसरा रेण्डमाइजेशन 4 नवंबर को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया जाएगा, जिसमें आप सभी उपस्थित हो सकते हैं। इसी प्रकार विधान सभावार रायगढ़, खरसिया एवं लैलूँगा विधानसभा क्षेत्र हेतु मशीनों की कमीशनिंग का कार्य केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ में तथा धरमजयगढ़ विधानसभा हेतु कमीशनिंग का कार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ में 6 नवंबर से प्रतिदिन 10.30 बजे राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बताया की आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान हेतु तीन विधान सभाओं का मतदान सामग्रियों का वितरण केआईटी एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र हेतु निर्वाचन सामग्री का वितरण डाइट धरमजयगढ़ से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस के दिन मॉक पोल हेतु पोलिंग एजेंट का मतदान समय से पूर्व पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

मतदान केन्द्रों के परिवर्तन के संबंध में दी जानकारी, मतदान केंद्र एवं मतदाता सूची का किया वितरण- बैठक में राजनीतिक दलों के प्रत्याशी एवं प्रतिनिधियों को आरओ के माध्यम से विधान सभा वार मतदान केन्द्रों में हुए भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन की जानकारी देते हुए मतदान केन्द्रों के आंशिक परिवर्तन की सूची के साथ प्रकाशित मतदाता सूची भी प्रदान की गई।

पोस्टल बैलेट के संबंध में दी जानकारी- उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने बताया की इस वर्ष निर्वाचन आयोग द्वारा 80 प्लस आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजनों को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जा रही हैं। जिले के चारों विधान सभा में 207 लोगों को घर पहुंच मतदान की सुविधा दी जाएगी। जिसमें लैलूंगा में 29, रायगढ़ में 53, खरसिया में 89 तथा धरमजयगढ़ में 36 पोस्टल बैलेट वाले मतदाता शामिल हैं। जिसकी सूची आरओ के माध्यम से प्राप्त राजनीतिक दल को प्रदान कर दी जाएगी।

एडिशनल एसपी ने किया अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और नाकेबंदी पाईंट का निरीक्षण

❒ मातहतों को दिए जांच के संबंध में आवश्यक निर्देश

रायगढ़। विधानसभा आम चुनाव 2023 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त व निष्पक्ष सम्पन्न कराने प्रशासन व पुलिस की तैयारियां पूर्ण है। अधिकारीगण चुनाव को लेकर बेहद गंभीर है, स्वयं फिल्ड पर मातहतों के साथ SST/FST एवं पुलिस टीम, जांच एजेसियों के कार्यों को चेक किया जा रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार स्वयं तथा जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण प्रतिदिन एसएसटी चेकिंग प्वाइंट सहित शहर एवं आऊटर मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 01/11/2023 की रात्रि एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा थाना चक्रधरनगर एवं जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत स्थापित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट/बेरियर एवं नाकेबंदी पाईंट- बड़माल, एकताल , सकरबोगा, बेलरिया, भुईयांपानी, लारा, कठली, सूरजगढ़ जाकर चेक किया गया और मातहतों को किसी भी स्थिति में चेक पाइंट छोड़कर अन्यत्र नहीं जाने के निर्देश दिये। चेक पोस्ट पर लगे कर्मचारियों को शालीनता से तसल्ली पूर्वक जांच करने और विवाद से बचने और ऐसी परिस्थितियों पर अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए। चेक पोस्ट/ बेरियर एवं नाकेबंदी पाईंट चेक दौरान एडिशनल एसपी संजय महादेवा के साथ निरीक्षक प्रशांत राव और निरीक्षक रामकिंकर यादव साथ थे।

चार विधानसभा से अब 42 प्रत्याशी निर्वाचन में होंगे शामिल

❒ रायगढ़ से 4 एवं लैलूंगा से 1 अभ्यर्थी ने किया नाम वापसी

रायगढ़। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों में से दो विधानसभा से कुल 5 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 4 अभ्यर्थी संतोष कुमार साहू, राजीव रत्न गुप्ता, गोपाल प्रसाद दुबे एवं संजय शर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से अशोक कुमार भगत ने नाम वापस लिया है। रायगढ़ जिले के चारों विधानसभा से निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों में अब कुल 42 प्रत्याशी विधानसभा निर्वाचन-2023 में शामिल होंगे।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा से 8 प्रत्याशियों में मनीषा गोंड (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), विद्यावती सिदार (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सुनीति सत्यानंद राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अजय कुमार पंकज (हमर राज पार्टी), रघुवीर राठिया (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी), श्रवण भगत (बहुजन मुक्ति पार्टी), भजन सिदार (निर्दलीय) एवं महेन्द्र कुमार सिदार (निर्दलीय) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 19 प्रत्याशियों में गोपिका गुप्ता (निर्दलीय),श्री नारायण दास (निर्दलीय), ब्रजमोहन अग्रवाल (निर्दलीय), मधुबाई (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), ओमप्रकाश चौधरी (भारतीय जनता पार्टी), प्रकाश नायक (इंडियन नेशनल कांग्रेस),श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल (आम आदमी पार्टी), शंकर लाल अग्रवाल (निर्दलीय), सुनील मिंज (जोहार छत्तीसगढ़), इबरार अली उर्फ इबरार अहमद (निर्दलीय), सुरेन्द्र सिदार (निर्दलीय), गुरवारी जीनत परवीन (निर्दलीय), भुवनलाल पटेल (छत्तीसगढ़ समाज पार्टी), अशोक गार्डिया (निर्दलीय), कान्ति साहू (आजाद जनता पार्टी), भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), राधेश्याम शर्मा (निर्दलीय), नजीर अहमद (समाजवादी पार्टी) एवं पुष्पलता टंडन (बसपा) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 8 प्रत्याशियों में उमेश पटेल (इंडियन नेशनल कांग्रेस), परिमल यादव (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), आम आदमी पार्टी से प्रवीण विजय जायसवाल, महेश साहू (भारतीय जनता पार्टी), भवानी सिंह सिदार (हमर राज पार्टी), यशवंत निषाद (जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी), गोवर्धन राठिया (निर्दलीय) एवं विनोद चन्द्र सिंह राठौर (निर्दलीय) शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 7 प्रत्याशियों में जोगेन्द्र एक्का (जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे), लालजीत सिंह राठिया (इंडियन नेशनल कांग्रेस), सत्यबती राठिया (बहुजन समाज पार्टी),श्री हरिशचंद्र राठिया (भारतीय जनता पार्टी), अनुप बरवा (बहुजन मुक्ति पार्टी), महेन्द्र कुमार सिदार (हमर राज पार्टी) एवं सुनील खेस्स (निर्दलीय)शामिल है।

धान की अवैध आवक रोकने सीमावर्ती इलाकों में रखें कड़ी निगरानी -कलेक्टर

❒ धान खरीदी की तैयारियों को लेकर कलेक्टर गोयल ने ली अधिकारियों की बैठक

❒ खरीदी केंद्रों में समुचित व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान एवं मक्का खरीदी के आवश्यक तैयारी एवं किसान पंजीयन की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर गोयल ने धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने राजस्व अमले को समितिवार कृषकों के रकबा का सत्यापन करने एवं अंतर्राज्जीय सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट एवं नियमित दौरा करते हुए बाहरी राज्य से अवैध रूप से धान की आवक रोकने एवं कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने सभी धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा कैरी फारवर्ड हेतु शेष किसानों का पंजीयन पूर्ण करने हेतु उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ को निर्देश दिये गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जिले के 105 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 01 नवम्बर 2023 से प्रारंभ है। सभी धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने हेतु उप पंजीयक सहकारी संस्थाओं को निर्देशित किया गया। पंजीकृत किसानों की सुविधा हेतु मोबाईल एप टोकन तुंहर द्वार से टोकन जारी किए जा रहे है। किसानों से धान खरीदी हेतु आवश्यकतानुसार बारदाने की व्यवस्था, नये बारदाने एवं पीडीएस बारदाना एवं मिलर बारदाना की व्यवस्था हेतु खाद्य विभाग एवं जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिले के अंतर्राज्जीय सीमावर्ती क्षेत्रों में एवं अंतर जिला 20 चेक पोस्ट बनाया गया है। सभी चेक पोस्ट में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा सतत रूप से कड़ी निगरानी रखते हुए अवैध धान के आवक रोकने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित दौरा करते हुए बाहरी राज्य से धान के आवक रोकने निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सी.एस.जायसवाल, खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अपेक्स बैंक पंकज सोढ़ी, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम आदिनारायण, जिला विपणन अधिकारी प्रवीण पैकरा, मंडी सचिव रायगढ़, खरसिया एवं घरघोड़ा तथा खाद्य विभाग के समस्त मैदानी अमला उपस्थित रहे।

गेहूं एवं दाल के व्यापारियों से प्रति सप्ताह स्टॉक अपडेट कराने के दिए निर्देश- कलेक्टर गोयल ने जिले के गेहूं एवं दाल के व्यापारियों के निगरानी एवं उनके स्टॉक अपडेट कराये जाने के संबंध में विकासखण्डवार, खाद्य, नगरीय निकाय एवं मंडी के अधिकारी/कर्मचारियों का दल गठन कर सतत रूप से निगरानी/जांच करने के निर्देश दिए है। गेहूं के व्यापारियों हेतु स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीयन स्वत:व्यापारियों द्वारा किया जाना है एवं दाल के व्यापारियों हेतु विभागीय ऑनलाईन पोर्टल ऑनलाईन पंजीयन स्वत: व्यापारियों द्वारा किया जाना है। दाल एवं गेहूं के व्यापारी जो ऑनलाईन पोर्टल में पंजीयन नहीं किए है उनका ऑनलाईन पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये जाने तथा प्रत्येक सप्ताह उक्त पोर्टल में स्टॉक की जानकारी अपडेट करने हेतु खाद्य विभाग का निर्देशित करते हुए भरे गये स्टॉक की सतत रूप से निगरानी एवं निरीक्षण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

मोपेड पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 57 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त

❒ जोरापाली चौक के पास साइबर सेल और कोतरारोड पुलिस की संयुक्त शराब रेड कार्यवाही

रायगढ़। एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न चेक पॉइंट पर पुलिस टीमें सघन जांच कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 02/11/2023 को साइबर सेल की टीम थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अंतर्गत जोरापाली चौंक के पास वाहनों की जांच किया जा रहा था। इसी दरम्यान मुखबीर सूचना पर कोतरारोड़ पुलिस के साथ साइबर सेल की टीम द्वारा TVS-XL100 क्र. CG13AL/7428 में एक व्यक्ति को अवैध बिक्री के लिये शराब ले जाते हुए पकड़ा गया। संदेही अपना नाम- ललित वैष्णव पिता भागवतिया वैष्णव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कोतासुरा थाना पुसौर जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया जिसके मोपेड में रखे दौ थैला से 46 पाव देशी प्लेन शराब एवं 11 पाव सीजी स्पेशल विस्की अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। संदेही शराब परिवहन के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा विधिवत 57 पाव शराब की जप्ती कर मय परिवहन युक्त मोपेड समेत आरोपी ललित वैष्णव को थाना कोतरारोड़ लाया गया। आरोपी ललित वैष्णव पर थाना कोतरारोड़ में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक के निर्देशन पर कार्रवाई में उप निरीक्षक जेबरियुस एक्का, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक महेश पंडा, सुरेश सिदार, नरेश रजक, विक्रम सिंह और आरक्षक राकेश नायक (थाना कोतरारोड़) शामिल थे।

लैब टेक्नीशियन के घर चोरी मामले में चौकी खरसिया पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

❒ आरोपी से चोरी की 1,10,000 रुपए के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

रायगढ़। दिनांक 01/11/2023 को पुलिस चौकी खरसिया में ग्राम मौहापाली में रहने वाले सत्यनारायण देवांगन द्वारा दिनांक 31/10/2023 के रात्रि उसके मकान से करीब रु. 1,10,700 के सोने चांदी के आभूषणों की चोरी के संबंध में आवेदन दिया गया। सत्यनारायण देवांगन बताया कि वह लैब टेक्नीशियन है तथा उसकी पत्नी भी कामकाजी महिला है। 31 अक्टूबर के शाम घर में ताला बंद कर अपने-अपने काम पर गए हुए थे, रात करीब 10:00 बजे घर आए तो देखे मकान का ताला टूटा हुआ था और अंदर अलमारी के सामान बिखरे पड़े हुए थे । चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरभ द्विवेदी द्वारा चोरी के वारदात की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया को देकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल अपने मुखबिरों को सक्रिय कर स्टाफ को माल मुलाजिम पतासाजी में लगाया गया। तत्काल खरसिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर मौहापाली में रहने वाले संदिग्ध युवक सूरज सोनवानी उर्फ चिल्लू को हिरासत में लिया गया जिसे चोरी के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने गांव के सत्यनारायण देवांगन को जानना पहचाना और 31 अक्टूबर की रात्रि दीवाल फांदकर सत्यनारायण के घर अंदर घुसना और अलमारी को छड़ से तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरातों की चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी सूरज सोनवानी के मेमोरेंडम पर पुलिस ने चोरी गए सारे जेवरात कीमती 1,10,700 की मशरूका आरोपी के निशानदेही पर जप्त किया गया है जिसे नकबजनी के अपराध में गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा आरोपी के कृत्य पर जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी सूरज सोनवानी उर्फ चिल्लू पिता छोटकू सोनवानी उम्र 20 वर्ष ग्राम मौहापाली खरसिया को जिला जेल रायगढ़ दाखिल किया गया है।

एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर चोरी के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही में चौकी प्रभारी खरसिया निरीक्षक सौरभ द्विवेदी, प्रधान आरक्षक शंकर सिंह क्षत्री, आरक्षक कीर्ति सिदार, साविल चन्द्रा, मुकेश यादव की विशेष भूमिका रही है।

ओड़िसा पुलिस के साथ लैलूंगा पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया संयुक्त जांच अभियान, जमुना बेरियर पर तैनात की गई दोनों राज्यों की पुलिस

❒ हमीरपुर बॉर्डर पर तमनार और बलिंगा (ओड़िसा) पुलिस द्वारा की जा रही वाहनों की जांच

रायगढ़। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग के निर्देशन पर दिनांक 01.11.2023 को अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक में रायगढ़ एवं सीमावर्ती उड़ीसा जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाने एवं अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में कड़ी सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही एजेंडा अनुरूप बॉर्डर पर अवैध रूप से प्रलोभन सामग्रियों, शराब , नारकोटिक्स ड्रग्स इत्यादि की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, वारंटियों और निगरानीशुदा बदमाशों अपराधियों इत्यादि की जानकारी साझा किए जाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में हुई परिचर्चा के अनुरूप दिनांक 02/11/1023 को उड़ीसा-छत्तीसगढ़ की सीमा पर थाना लेफरीपाड़ा, जिला सुंदरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत थाना लैलूंगा, लेफरीपाड़ा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया गया। साथ ही इंटर स्टेट जमुना बैरियर पर चितरंजन नायक, लेफरीपाड़ा थाना प्रभारी जिला सुंदरगढ़ के नेतृत्व में SST टीम के साथ दोनों राज्यों की पुलिस तैनात है और आवाजाही की सघन जांच कर रही है।

वहीं तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्राज्यीय हमीरपुर चेक पोस्ट पर तमनार थाना प्रभारी तमनार आशीर्वाद राहटगांवकर एवम चौकी प्रभारी बलिंगा (ओड़िसा) चित्रगुप्त चंपिया अपने स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच किया जा रहा है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों को एसएसटी की सतत मॉनिटरिंग के दिये गये निर्देशों के तहत एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा तमनार, लैलूंगा क्षेत्र के चेक पोस्ट में तैनात SST टीम को चेक कर वाहन जांच में शामिल हुये और कर्मचारियों को जांच कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480